Fast by Western Railway Mazdoor Sangh, Bhavanagar re. Seniority of Guards

5331. SHRI P. M. MEHTA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the Western Railway Mazdoor Sangh of Bhavnagar (Gujarat) on the Western Railway alongwith the Associates of the Western Railway Mazdoor Sangh had resolved to observe 'fast' on and from 1st July 1971 in protest against the cases of seniority of some Guards who are said to be victimised;

(b) whether the General Manager of the Western Railway has issued some orders in this connection which are not being implemented by the Subordinate Officers; and

(c) if so, the steps taken by Government in the matter?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI HANUMANTHIYA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The matter is still under examination.

बरौनी से कटिहार तक (पूर्वोत्तर रेलवे) बड़ी लाइन

5332. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार पूर्वोत्तर रेलवे में बरौनी जंक्शन स्टेशन से कटिहार तक बड़ी लाइन बनाने का है;

(ख) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में आगे क्या कार्यवाही करने का विचार है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री हनुमनतैया): (क) से (ग). बरौनी कटिहार मीटर लाइन खण्ड को बड़ी लाइन में बदलने के लिए सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है और रिपोर्ट की जांच की जा रही है। इस आमान परिवर्तन योजना के लिए एक आर्थिक अध्ययन भी किया जा रहा है। सर्वेक्षण और अध्ययन रिपोर्टों पर सभी दृष्टियों से विचार हो जाने के बाद ही इस खण्ड के आमान परिवर्तन के सम्बन्ध में अन्तिम विनिश्चय किया जायेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के थाना बीहपुर स्टेशन और कटिहार स्टेशन के बीच नई रेलगाड़ी चलाया जाना

5333. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार स्थानीय यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के थाना बीहपुर स्टेशन और कटिहार स्टेशन के बीच नई रेल गाड़ी चलाने का है और यदि हां, तो कब तक; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री हनुमनतैया) : (क) और (ख). यातायात के वर्तमान स्तर को देखते हुए न तो थाना बीहपुर और कटिहार के बीच एक अतिरिक्त सवारी लोकल गाड़ी चलाने का कोई औचित्य है और न ही लाइन क्षमता के अभाव में खासतौर पर काढ़ागोला कटरिया इकहरी लाइन वाले खण्ड पर ऐसी गाड़ी चलाना सम्भव है क्योंकि पूर्वोत्तर सीमा रेलवे से, जो असम, उ० पू० सी० एजेंसी आदि के सामरिक महत्व के क्षेत्रों से मिलाती है, आने वाले और वहाँ जाने वाले यातायात के कारण इस खण्ड का अत्यधिक उपयोग होता रहता है।

पूर्वोत्तर रेलवे के नारायणपुर स्टेशन पर एक्सप्रेस एवं मेल गाड़ियों का रुकना

5334. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे के नारायणपुर स्टेशन पर कोई एक्सप्रेस अथवा मेल गाड़ी नहीं रुकती है और यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या नारायणपुर में एक अस्पताल, एक कालेज और एक अच्छा बाजार है; और

(ग) यदि हां, तो क्या रेलवे विभाग एक्सप्रेस और मेल गाड़ियों को उक्त स्टेशन पर रोकने का प्रबन्ध करेगा और यदि हां, तो कब तक ?

रेल मंत्री (श्री हनुमनतैया): (क) जी हां, नारायणपुर स्टेशन पर कोई मेल/एक्सप्रेस